# लाखों को नेत्र ज्योति देने वाला प्रकाश पुंज डॉ . जैन बुझा

## पद्मश्री डॉ . बुधेन्द्र जैन की अन्तेष्टी रविवार को सदगुरू नेत्र चिकित्सालय परिसर में होगी

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 फरवरी. स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से पिछड़े विन्ध्य में देश और दुनिया के लिए परमधाम चित्रकूट में पूरा जीवन लोगों की सेवा करने वाले पद्मश्री डां बुधेन्द्र कुमार जैन ने अपने पचास साल की दीर्धकालिक सेवा में लाखों को जीवन का सबसे बड़ा उपहार नेत्र ज्योति देने के बाद शुक्रवार को प्रकाश पुंज की तरह हमेशा-हमेशा के लिए विलुप्त हो गए. उनकी अन्त्येष्टी रविवार को सदगुरू नेत्र चिकित्सालय परिसर के प्रांगण में की जाएगी.**



विन्ध्य को देश में सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के माध्यम से अलग पहचान देकर वनवासी भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में सेवाभाव का प्रकल्प खड़ा कर लोगों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने वाले सतना के नगर सेठ के वारिस डां बी के जैन ने अपने जीवनकाल में कभी किसी को निराश नहीं किया.मन में सेवाभाव की ऐसी सोच जिसने तमाम सुविधा होने के बाद भी जंगल,पहाड़ों के बीच रणछोड़दास जी महाराज ने जनसेवा का ऐसा मंत्र फूकां जिससे वे कभी मुक्त नहीं हो पाए.रीवा मेडिकल कॉलेज से डॉक्टरी की डिग्री हासिल करने के बाद मुबई से नेत्र चिकित्सा में विशेष डिग्री हासिल करने वाले डां जैन को बीते वर्ष भारत सरकार ने उनकी सेवाओं के लिए पदमश्री सम्मान से सम्मानित किया.72 वर्ष की उम्र में अपने सहयोगी साथियों से हमेशा=हमेशा के लिए विदा लेने वाले इस चिकित्सक ने लोगों को यही सीख दी की सुविधा में सभी का बराबर हक है.वह चाहे सम्पन्न हो या विपन्न.उनके जाने से विन्ध्य के चिकित्सा क्षेत्र में जो रिक्तता पैदा हुई है.उसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती.

उन्होने अपने प्रयासों से चित्रकूट जिले में अंधत्व निवारण अभियान चलाकर मोतियाबिन्द मुक्त जिला घोषित कराया.

# सवा साल बाद घोषित हुई सतना की जिला भाजपा कार्यकारिणी

## कुछ को मिली मायूसी ,तो कुछ के चेहरे खिले

नवभारत न्यूज

**सतना, 27 फरवरी. सवा साल पहले भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय की नियुक्ति की गई थी. इसके बाद से जिला कार्यकारिणी को लेकर तरह तरह की चर्चाएं की जा रही हैं लेकिन प्रदेश संगठन की सहमति नहीं मिलने के कारण जिला कार्यकारिणी की घोषणा तब से लंबित थी.**

शुक्रवार को प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल की सहमति मिलने के बाद जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है. नई कार्यकारिणी को लेकर जिस तरह की अटकलें लंबे समय से चल रही थी उससे कुछ को निराशा हाथ लगी तो कुछ के चेहरे खुशी से खिल गए.

जारी जिला कार्यकारिणी में कुल 24 सदस्यों को शामिल किया गया है. जिसमें 8 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री और आठ मंत्री शामिल हैं. जिन्हें उपाध्यक्ष बनाया गया है उनमें पूर्व महापौर ममता पाण्डेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह पूर्व मंत्री बालेन्द्र गौतम, मुरारीलाल सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण द्विवेदी, रामपाल यादव, गीतेश्वर सिंह एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रबल श्रीवास्तव शामिल हैं. जिन दो व्यक्तियों को महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है उनमें जयप्रताप गुप्ता, मधु बालमिक शामिल हैं. कार्यकारिणी में शामिल 8 मंत्रियों में राजेश शुक्ला, दीपनारायण सिंह, अतुल शुक्ला, लवसिंह गौड़, चन्द्रभान कुशवाहा, बसुन्धरा सिंह पटेल, राकेश कुमार सोनी और हरीश अग्रवाल शामिल हैं. कोषाध्यक्ष का दायित्व विपिन चतुर्वेदी को सौंपा गया है. इनके साथ दो नेताओं को सहकोषाध्यक्ष का काम सौंपा गया है उनमें सीमा लोधी और सुदर्शन कोल शामिल हैं. कांग्रेस से भारतीय जनता पार्टी में आए प्रवक्ता अतुल सिंह परिहार को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है. सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में रामबाबू त्रिपाठी एवं सहसोशल मीडिया प्रभारी के रूप में प्रीति रैकवार को जिला कार्यकारिणी में स्थान दिया गया है.

# बहुत हुआ अब तो थमना चाहिए

**त्वरित टिप्पणी**

डॉ संजय पयासी

प्रदेश में खुलेआम वित्तीय अनियमिताओं के सामने आ रहे मामलों ने अब व्यवस्था का ऐसा चेहरा सामने ला दिया है.जिसको लेकर लोगों को सोचने के लिए विवश होना पड़ रहा है.सीधी में लोकायुक्त द्वारा भू अर्जन अधिकारी को एक लाख रूपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया जाना कई पक्षों में अन्य कार्यवाई से भिन्न थी.यह बाद अलग है कि इसकी चर्चा विन्ध्य के बजाए देश और प्रदेश के अन्य हिस्सों में शायद ही होगी.आम आदमी को बेचैन करने वाले इस घटनाक्रम ने पूरी व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है.प्रकाश में आए इससे जुड़े तथ्यों में जो बात सबसे ज्यादा खटक रही है.उसमें नौ डिसमिल जमीन का मुआवजा एनएच आई 27 लाख कैसे दे सकता है.यदि इतना एवार्ड पारित भी किया गया तो उसका आधा हिस्सा किसान को उस अधिकारी को देना होगा जिसके माध्यम से इस एवार्ड का चेक प्राप्त होना है.इस पूरे मामले की देश की किसी बडी और गम्भीर एजेन्सी से जांच कराई जानी चाहिए, क्योकि इस क्षेत्र में बडे पैमाने पर रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा जमीनों का अधिग्रहण कर करोड़ो का एवार्ड बांटा गया है.आपसी मिलीभगत का ऐसा नमूना अभी तक देश किसी हिस्से में देखने सुनने को नहीं मिला.इस घटना से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि सम्बन्धित अधिकारी के ऊपर लोकायुक्त ने 2018 में आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज कर रखा है.इसके बावजूद व्यवस्था ने उसी अधिकारी को भू -अर्जन का दायित्व सौप रखा है.

शासन और प्रशासन की इस मिलीभगत का दंश झेल रही विन्ध्य की जनता की हिमायत करने वाला अब कोई नहीं बचा.सत्ता और विपक्ष की मूक सहमति से खेले जा रहे इस खेल को अब बन्द होना चाहिए.यही वजह है कि विन्ध्य में कोई भी बड़ी परियोजना समय पर पूरी नहीं होती.दोनों पक्ष तब तक मामलों को अधर में लटकाए रखते हैं.जब तक उससे अधिक से अधिक कमाया नहीं जा सके.

# कोलकाता के लिए हवाई सेवा प्रक्रिया अंतिम चरण पर

## उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ली अधिकारियों की बैठक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 फरवरी, रीवा में विमानन सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों की उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में विमानन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए.**



बैठक में बताया गया कि रीवा से रायपुर एवं कोलकाता के लिए नई हवाई सेवाएं प्रारंभ करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करें, ताकि उड़ान सेवाएं जल्द से जल्द प्रारंभ की जा सकें. साथ ही, रीवा-इंदौर-रीवा एवं रीवा-दिल्ली-रीवा उड़ानों को प्रोत्साहन एवं संवर्धन के लिए राज्य शासन द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी का भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश भी उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिए. उन्होंने कहा कि वर्तमान में इन मार्गों पर नियमित और सतत विमानन सेवाओं के संचालन के लिए प्रोत्साहन आवश्यक है. बताया गया कि विमानन विभाग द्वारा जारी निविदा के अंतर्गत नवीन हवाई रूट्स के लिए विभिन्न शिड्यूल्ड ऑपरेटर्स द्वारा 20 हवाई मार्गों पर विमानन सेवाएं संचालित करने हेतु अभिरुचि व्यक्त की गई है. प्राप्त बिड्स का तकनीकी एवं वित्तीय परीक्षण वर्तमान में प्रगति पर है, ताकि निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र निर्णय लिया जा सके. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रस्तावित हवाई सेवाओं से रीवा सहित पूरे प्रदेश में औद्योगिक, व्यापारिक, शैक्षणिक एवं पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी तथा क्षेत्रीय संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा. चिकित्सकों के प्रमोशन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग में लंबित प्रस्ताव पर शीघ्र कार्यवाही के दिए निर्देश बैठक में चिकित्सकों के प्रमोशन हेतु सामान्य प्रशासन विभाग में लंबित प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई.

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इस विषय में शीघ्र निर्णय लेकर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में कार्यरत चिकित्सकों को समय पर पदोन्नति का लाभ मिल सके. बैठक में अपर मुख्य सचिव, विमानन एवं सामान्य प्रशासन संजय कुमार शुक्ल, अपर सचिव सामान्य प्रशासन अजय कटेसरिया और उप सचिव, विमानन कैलाश बुंदेला सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

# रील बनाने वाले 6 नवआरक्षकों को एसपी ने थमाया नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 27 फरवरी, रीवा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 6 नव आरक्षक वर्दी पहन कर रील बनाई और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया. जिसके बाद पीटीएस के पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार जैन ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है.**

दरअसल नव आरक्षको ने रील में कह रहे है कि शक्ल अच्छी नही तो क्या हुआ सरकारी नौकरी है, जैसे कई शब्द कहे और सोशल मीडिया प्लेटफार्म में वीडियो वायरल कर दिया.

जारी शोकाज नोटिस में लिखा गया है कि इस कृत्य से पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है. 25 फरवरी को वर्दी पहने नव आरक्षको ने वीडियो पोस्ट की थी. उसके बाद लोगो ने अलग-अलग कमेंट्स किये. जब मामला पुलिस अधिकारियों के पास पहुंचा तो नोटिस जारी कर जवाब मांगे गये. रील बनाने वाले नव आरक्षको में अनिल कड़ोदिया जिला देवास, आनंद कुलवरे इंदौर, प्रदीप यादव उज्जैन, राज कुमार सैन्धव उज्जैन, मोनू सतबाढ़िया उज्जैन, सुरजीत गर्ग विदिशा सभी पीटीएस रीवा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है.

## चादर बेचने आए दो युवकों ने की महिला से लूट

**रीवा, 27 फरवरी,** रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसिहाई में चादर बेचने आए दो युवकों ने महिला से लूट की वारदात को अंजाम दिया है. घटना के बाद बाइक सवार दोनों आरोपी फरार हो गए हैं पीड़िता द्वारा घटना की शिकायत बैकुंठपुर थाने में दर्ज कराई गई है.

# केजरीवाल के बरी होने पर सिंगरौली आप ने मनाया जशन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 27 फरवरी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को कथित दिल्ली शराब घोटाले के मामले में बड़ी राहत मिली है।**



राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा केजरीवाल सहित पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को दोषमुक्त किए जाने के बाद सिंगरौली जिले में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। जिला मुख्यालय बैढ़न के अंबेडकर चौक पर एकत्र होकर कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी और न्यायपालिका के फैसले का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह फैसला सत्य की जीत है और भारतीय न्याय प्रणाली पर जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है। अरविंद केजरीवाल ने भी निर्णय के बाद कहा कि सत्य की जीत होती है और न्याय व्यवस्था पर हमें पूर्ण विश्वास है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि बीते एक-दो वर्षों से राजनीतिक द्वेष के तहत जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया गया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि जिन नेताओं को लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा, उनके सम्मान को ठेस पहुंची है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों पर सत्ता के दबाव में काम करने के आरोप लगातार लगते रहे हैं, यह फैसला उन सभी आरोपों पर भी सवाल खड़े करता है। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष रतीभान प्रसाद, बबुआ राम बैस, राजेश रूद्रम, ललित वर्मा, विवेक मिश्रा, दिलीप साकेत, सुरेश कुशवाहा, संजय शाह, अरविंद साकेत, मोहित सिंह, प्रियांशु बघेल, शोभा शर्मा, अरविंद अग्रवाल, कमलेश शाह, सुनीता सिंह पैगाम, दुर्गा सिंह, राम मिलन केवट, शांति सिंह, राजवंती सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99